## 1. पाठ से

(क) सागर यात्रा में नौका को सँभालने के लिए हर समय एक व्यक्ति की ज़रूरत थी। क्यों?

**उत्तर**

सागर यात्रा में नौका सम्भालने के लिए हर समय एक व्यक्ति की आवश्यकता होती है ताकि वह उसका चक्का सम्भाले रखे और द्वीपों तथा ह्वेल मछलियों पर नज़र रखे।

(ख) वे लोग समुद्र की यात्रा कर रहे थे। समुद्र यात्रा में भी उन्हें पानी की समस्या क्यों हुई?

**उत्तर**

समुद्र का पानी खारा होने के कारण की वजह से ना तो पिने लायक होता है न ही नहाने लायक। खारापन होने की वजह से साबुन भी उसमे बेअसर होता है। इसलिए समुद्र यात्रा में भी उन्हें पानी की समस्या हुई।

## 2. खतरे

"हम सब इस अभियान के खतरों को जानते थे।"

समुद्री यात्रा में उन यात्रियों को कौन-कौन से खतरों और परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

**उत्तर**

समुद्री यात्रा में सबसे ज़्यादा परेशानी पानी तथा ह्वेल मछलियों की थी। फिर तूफ़ानों, तेज़ हवाओं का खतरा भी रहता है। तूफ़ान में एक बार जहाज़ दूर बहकर चला गया तो उन्हें लगा, उनकी नौका चट्टान से टकराकर टूट जाएगी। उनके सारे रक्षक उपकरण भी खो गए। 15 दिनों के लिए उनका रेडियो सर्म्पक टूट गया। समझा गया कि 'तृष्णा' लापता हो गई है। परन्तु फिर भी वे अपनी राह पहुँचने में सफल हो गए।

## 6. विशेष जगहों के नाम

'बंदरगाह' समुद्र के किनारे की वह जगह होती है जहाँ पानी के जहाज़, नौकाएँ आदि ठहरते हैं। पता लगाओ इन जगहों पर क्या होता है–

(क) अस्तबल

(ख) हवाई-अड्डा

(ग) पोस्ट-ऑफिस

(घ) अस्पताल

(ङ) न्यायालय

(च) बाज़ार

**उत्तर**

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | **अस्तबल** | **घोड़े रखने की जगह।** |
| **(ख)** | हवाई-अड्डा | जहाँ हवाई जहाज़ आकर रूकते हैं। |
| **(ग)** | पोस्ट-ऑफिस | इस स्थान पर चिट्टियाँ आदि डाले जाते हैं व टिकटें मिलती हैं। |
| **(घ)** | अस्पताल | यहाँ रोगियों का इलाज होता है। |
| **(ङ)** | न्यायालय | यहाँ कानूनी कार्यवाही होती है, न्याय मिलता है। |
| **(च)** | बाज़ार | यहाँ से हम सभी वस्तुएँ खरीदते और बेचते हैं। |

**13. सही उपसर्ग लगाओ**

**अ, सु**

ऊपर बॉक्स में दिए गए उपसर्ग लगाकर सार्थक शब्द बनाओ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **(क)** | **सफल** | **+** | **..................** | **=** | **..................** |
| **(ख)** | स्वागत | + | .................. | = | .................. |
| **(ग)** | विश्वास | + | .................. | = | .................. |
| **(घ)** | कन्या | + | .................. | = | .................. |
| **(ङ)** | पुत्र | + | .................. | = | .................. |

**उत्तर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **(क)** | **सफल** | **+** | **अ** | **=** | **असफल** |
| **(ख)** | स्वागत | + | सु | = | सुस्वागत |
| **(ग)** | विश्वास | + | अ | = | अविश्वास |
| **(घ)** | कन्या | + | सु | = | सुकन्या |
| **(ङ)** | पुत्र | + | सु | = | सुपुत्र |

**14. सही वाक्य**

में, ने, को, का, के, लिए, से, पर

तालिका में से यही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों में भरो।

(क) सीमा ................ फल खाए।

(ख) रोहित ................ पेन नया है।

(ग) माँ-बच्चों ................ मिठाई लाई।

(घ) हमने रस्सी ................ कपड़े सुखाए।

(ङ) मैंने बैग ................. किताबें रखीं।

(च) पौधों ................. गमलों में रखो।

(छ) केरल जम्मू ................. बहुत दूर है।

**उत्तर**

(क) सीमा ने फल खाए।

(ख) रोहित का पेन नया है।

(ग) माँ-बच्चों के लिए मिठाई लाई।

(घ) हमने रस्सी पर कपड़े सुखाए।

(ङ) मैंने बैग में किताबें रखीं।

(च) पौधों को गमलों में रखो।

(छ) केरल जम्मू से बहुत दूर है।